# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2024

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 August, 2024

- **31 जुलाई, 2024 को राजस्थान हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने राजभवन में हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाई। हरिभाऊ किसनराव बागड़े राजस्थान के 45वें राज्यपाल हैं।**

## Newspaper of 2 August, 2024

- **राज्य सरकार ने टीएसपी फंड की राशि बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये की–**

30 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य विधानसभा में आयोजित राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद् की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति समुदाय के कल्याण की भावना से अनुसूचित जनजाति के विकास एवं सशक्तीकरण के लिए टीएसपी फंड को इस बजट में 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

- केन्द्र और राज्य सरकार ने जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए अनेक महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं।
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत राज्य के जनजाति बहुल 4302 गावों का चरणबद्ध विकास किया जाएगा।
- इसी क्रम में प्रथम 2 चरणों में 1566 गाँवों को चिह्नित कर इनके सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम विकास योजनाएँ तैयार की जा रही हैं।
- अब तक लगभग 12 हजार कार्यों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

**जनप्रतिनिधि टिफिन बैठकें कर सहभागिता बढ़ाएँ–** मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे आदिवासी समुदाय के बीच अधिक समय बिताएं तथा इन क्षेत्रों में रात्रि विश्राम भी करें। योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। जनजाति समुदाय से सहभागिता बढ़ाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि टिफिन बैठकें आयोजित कर स्थानीय लोगों के साथ भोजन करें।

**राज्य बजट में की गई जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ–**

- जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में मेस भत्ता बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह एवं खेल छात्रावासों के लिए 4 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है।
- 250 नए माँ-बाड़ी केन्द्र खोलने तथा मां-बाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत शिक्षा सहयोगियों के मानदेय में 10% की वृद्धि कर अकादमी खोली जाएगी।
- गोविंद गुरु जनजाति क्षेत्र विकास योजना से सामुदायिक वनाधिकार क्षेत्रों में विकास, संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

- **प्रदेश में समान नागरिक संहिता बिल लाया जाएगा; विधानसभा में घोषणा की गई–**

1 अगस्त, 2024 को राज्य सरकार ने विधानसभा में घोषणा की है कि वह उत्तराखंड की तर्ज पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल लेकर आएगी। हालांकि, यह बिल कब लाया जाएगा। इसकी कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

**क्या है समान नागरिक संहिता–**समान नागरिक संहिता को संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 44 के तहत परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि पूरे भारत में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है।

- **राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 4 से 11 दिसम्बर, 2024 को आयोजित होगी; पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे उद्घाटन 'राइजिंग राजस्थान' के लिए सरकार आठ देशों में जाएगी, सीएम-मंत्री रोड शो करेंगे–**

राजस्थान में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए इस बार इन्वेस्टमेंट समिट 9 से 11 दिसम्बर को जयपुर में होगी। समिट की थीम 'राइजिंग राजस्थान' होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसके लिए राजस्थान सरकार 8 देशों में निवेशकों के पास जाएगी। इंग्लैण्ड-जापान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बाकी जगह मंत्री जाएंगे। इनमें जापान, इंग्लैण्ड, दक्षिण कोरिया, यूके, जर्मनी, अमेरिका, सिंगापुर, और यूएई शामिल हैं। यहाँ रोड शो के अलावा सेमीनार और टॉक-शो होंगे। इसके अलावा निवेशकों (अप्रवासी राजस्थानी उद्योगपति भी) के साथ राउंड टेबल मीटिंग भी होगी।

**मुख्यमंत्री ने लोगो लॉन्च किया–**1 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर भारतीय परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक एवं टीम के साथ परिचर्चा की साथ ही, इस मौके पर 'नामकरण और लोगो'

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

की लॉन्चिंग भी की गई। लॉन्च होते ही 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल भी गए। निदेशकों के लिए 'सिंगल-पॉइंट निवेशक इंटरफेस' भी लॉन्च किया गया।

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR

## Newspaper of 3 August, 2024

### ■ सौ प्रतिशत दिव्यांगता पर 1000 रुपये अतिरिक्त पेंशन राशि देय–

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सौ प्रतिशत दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजनों को निर्धारित पेंशन के साथ 1000 रुपये अतिरिक्त राशि दी जा रही है। साथ ही, उन्होंने आश्वस्त किया कि विशेष योग्यजनों के लंबित पेंशन आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर पेंशन स्वीकृति कर दी जाएगी।

- विशेष योग्यजनों द्वारा पेंशन के लिए पोर्टल पर आवेदन किया जाता है।
- पेंशन स्वीकृति के लिए समिति का गठन किया हुआ है। आवेदन का सत्यापन होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पेंशन स्वीकृति की जाती है।
- राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में युवा दिव्यांगों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से 2 हजार दिव्यांगजनों को स्कूटी दिए जाने की घोषणा की गई है।
- पूर्ववर्ती सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 में स्कूटी वितरित नहीं की गई। केवल बाद के तीन सालों में स्कूटी का वितरण किया गया।
- झालावाड़ में 261 विशेष योग्यजनों को स्कूटी वितरित कर लाभान्वित किया गया है।
- विशेष योग्यजनों द्वारा स्पेशली एबल्ड पर्सन पोर्टल पर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन किया है, उनमें से पात्र विशेष योग्यजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं।
- एक अप्रैल, 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दिव्यांगजन सम्मान पेंशन योजना की आधार दर में 15% की वार्षिक वृद्धि कर बढ़ी हुई पेंशन जारी की जा चुकी है।
- वर्तमान में 1150 रुपये प्रतिमाह एवं 75 वर्ष और अधिक आयु वर्ग के दिव्यांगजनों को 1250 रुपये प्रतिमाह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है।

## Newspaper of 4 August, 2024

### ■ राज्य कैबिनेट की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय किए गए–

3 अगस्त, 2024 को राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय किए गए। बिजली के क्षेत्र में राजस्थान आत्मनिर्भर बने, इस पर विशेष फोकस रहा। बैठक में प्रदेश में मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के विकास व संचालन, अक्षय-ताप विद्युत परियोजनाओं व विद्युत प्रसारण परियोजनाओं के लिए संयुक्त उपक्रम बनाने के लिए मंजूरी दी गई। इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन और चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पेशलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े महत्त्वपूर्ण निर्णय किए गए। मार्च, 2024 में राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में 1.60 लाख करोड़ के विभिन्न एमओयू किए थे। उसी के तहत जॉइंट वेंचर (जेवी) बनने थे। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने फैसलों की जानकारी दी। 10 मार्च, 2024 को राज्य सरकार और विभिन्न केन्द्रीय पीएसयू के बीच हुए एमओयू की अनुपालना में मंत्रिमंडल की बैठक में केन्द्र सरकार की विभिन्न पीएसयू के साथ जॉइंट वेंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

### ■ अंगदान अभियान में राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले–

3 अगस्त, 2024 को अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने राजस्थान को अंगदान जागरूकता अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रचार-प्रसार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए बेस्ट आईईसी अवॉर्ड प्रदान किया है। समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

साथ ही, मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को सपोर्टिव एनजीओ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## Newspaper of 5 August, 2024

### ■ जोधपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर तैनात होंगे, पहली बार जमीन के साथ भी थल सेना हमला कर सकेगी–

राडार को चकमा देने वाली जमीनी लड़ाई का खतरनाक हथियार एएच-64 ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की पश्चिमी फ्रंट पर तैनाती होने जा रही है। इससे पहली बार थल सेना जमीन के साथ हवा में भी हमला कर सकेगी। अक्टूबर से

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जोधपुर मिलिट्री स्टेशन पर 6 अपाचे हेलीकॉप्टर की तैनाती शुरू होगी। इसके लिए 50 पायलट और तकनीकी स्टाफ की अमेरिका में ट्रेनिंग हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने 2022 में बोइंग से थलसेना के लिए 6 हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए करार किया था।

**अपाचे हेलीकॉप्टर विशेष–**

- 2.75 इंच रॉकेट, 30 एमएम चेन गन से लैस।
- 16 हेलीफायर मिसाइल और 76 रॉकेट की ताकत।
- 1 मिनट में 600 राउंड फायर, 1200 राउंड से लैस।
- अमेरिकी कंपनी बोइंग ने इस हेलीकॉप्टर को तैयार किया था। इसके बाद पहली बार 1980 के दशक में युद्ध क्षेत्र में कदम रखा। 90 के दशक में इराक युद्ध के दौरान पूरे रेगिस्तान में इसका पराक्रम दिखा। इसने इराकी सेना के राडार और सेम मिसाइल्स के अड्डों को नष्ट करके आसमानी वर्चस्व बनाया था। अभी 1280 से ज्यादा अपाचे हेलीकॉप्टर सात देशों में सेवारत है।
- आधुनिक तकनीक डेटा लिंक और रोटर के ऊपर लगे राडार की जानकारी व फोटो हासिल करके सटीक निशाना। स्ट्रिंगर और हेलीफायर मिसाइल से फायर।
- रेगिस्तानी इलाके में अपाचे की एंटी टैंक रोल की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। अपने आधुनिक राडार व हथियारों के जरिए भारतीय सेना के टैंकों को दुश्मन के किसी भी हमले से सुरक्षित रखने में सक्षम होगा।
- अपाचे के आने से मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। मल्टी रोल कॉम्बेट हेलीकॉप्टर में हेलीफायर और स्ट्रिंगर जैसे घातक हथियार और मिसाइल लगी हैं। यह हेलीकॉप्टर रात के खराब मौसम और कठिन परिस्थितियों के बावजूद टारगेट को नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके प्रमुख रूप से दो इस्तेमाल होते हैं, गनशिप के तौर पर या एंटी टैंक रोल में। इसके लिए यह गन, रॉकेट एवं आधुनिक मिसाइल से लैस होता है।

### ■ मुख्यमंत्री ने किशनगढ़ में अव्याना एविएशन एकेडमी फ्लाइंग स्कूल का उद्घाटन किया–

4 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किशनगढ़ एयरपोर्ट पर अव्याना एविएशन एकेडमी के फ्लाइट स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा विमान को हरी झंडी दिखाई। यह फ्लाइट स्कूल राज्य का पहला उड़ान प्रशिक्षण केन्द्र है। यह युवाओं को कॅरियर में नए अवसर उपलब्ध कराकर उनके सपनों को हकीकत में बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ■ ऊर्जा क्षेत्र में 4 संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी मिली–

3 अगस्त, 2024 को राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई। इसमें प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास एवं संचालन के लिए संयुक्त उपक्रम, अक्षय एवं ताप विद्युत परियोजनाओं तथा विद्युत प्रसारण परियोजनाओं के लिए संयुक्त उपक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पेशियलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े निर्णय किए गए।

- **मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए संयुक्त उद्यम–**मेट्रो रेल नीति 2017 के अनुसार केन्द्र सरकार और राज्य के बीच संयुक्त उद्यम (जाइंट वेंचर) कंपनी के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह राजस्थान में वर्तमान में चल रही एवं भविष्य की मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास, परिचालन एवं क्रियान्वयन के लिए होगा।
- **अक्षय, तापीय ऊर्जा एवं प्रसारण परियोजनाओं के लिए ज्वाइंट वेंचर–**भारत सरकार की विभिन्न पीएसयू के साथ ज्वाइंट वेंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन परियोजनाओं में राज्य सरकार की कंपनियों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत और केन्द्रीय पीएसयू कंपनियों की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रहेगी।
- **पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी–**विद्युत प्रसारण परियोजनाओं की स्थापना के लिए पावर ग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मध्य ज्वाइंट वेंचर कंपनी की स्थापना की जाएगी। इससे राजस्थान में बढ़ती लोड मांग की मूर्ति के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली का विकास हो सकेगा। इस जेवी के माध्यम से प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश होगा।
- **कोल इंडिया लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच संयुक्त उपक्रम–**कोल इंडिया लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच दो अलग-अलग जेवी की स्थापना की जाएगी। इसमें एक तापीय परियोजना एवं दूसरी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। पहली परियोजना के अंतर्गत कालीसिंध तापीय परियोजना झालावाड़ परिसर में 800 मेगावाट की इकाई या किसी अन्य पीटहैड ग्रीनफील्ड कोयला परियोजना की स्थापना की जाएगी। दूसरी जेवी के तहत दो हजार से ढाई हजार मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना, पंप स्टोरेज परियोजना और पवन ऊर्जा परियोजना की स्थापना की जाएगी। इन परियोजनाओं से 17 हजार 200 से 24 हजार 400 करोड़ रुपये का निवेश होगा।
- **आरजीएचएस सेटलमेंट में स्पष्टता–**जिन राज्य कर्मचारी और पेंशनरों ने आरजीएचएस के अलावा निजी मेडिकल इंश्योरेंस भी ले रखा है, उन्हें अब केन्द्र सरकार/सीजीएचएस के प्रावधानों से क्लेम का भुगतान किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **शिक्षकों की कमी होगी दूर–**चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजस्थान चिकित्सा सेवा (कॉलेज शिक्षा) नियम 1962 के नियम 7 के उपनियम 1 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस निर्णय से चिकित्सा शिक्षकों की कमी दूर होगी।

## Newspaper of 6 August, 2024

### पवन कुमार जैन को अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार–

7 अगस्त, 2024 को हरियाली तीज के अवसर पर वन विभाग ने 75वाँ राज्य स्तरीय वन महोत्सव आयोजित किया। इस मौके पर गाडोता मौजमाबाद (दूदू) में राजस्थान राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा करीब 15 हेक्टेयर भूमि पर 10 हजार पौधे रोपे गए। वन विभाग के सर्वोच्च पुरस्कार अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार जैन को चयनित किया गया है। वन विकास एवं वन्य जीव सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य की श्रेणी में वर्ष 2020 के लिए वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति सती की चोरी उदयपुर का चयन किया गया है। वन विकास, संरक्षण व सुरक्षा की श्रेणी में वर्ष 2020 के लिए राजसमंद के श्यामसुंदर पालीवाल, 2021 के लिए सीकर की अभिलाषा और भरतपुर के बच्चू सिंह वर्मा का संयुक्त रूप चयन किया गया। वर्ष 2022 के लिए कोटा के पवन कुमार जैन का चयन किया गया है। वन्य जीव संरक्षण एवं सुरक्षा श्रेणी में 2020 के लिए नागौर के गजेन्द्र सिंह माझी, 2021 के लिए उदयपुर के पदम सिंह राठौड़ और 2022 के लिए मोहित शर्मा और दिव्या शर्मा जयपुर का संयुक्त रूप से चयन किया गया है। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रुपए की राशि, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

## Newspaper of 7 August, 2024

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान–

राज्य में बारिश के दौरान मलेरिया, डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों के नियंत्रण, रोकथाम और बचाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान चलाया जाएगा।

- इस विशेष अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
- इस विशेष अभियान का प्रथम चरण 31 अगस्त तक संचालित होगा।
- इसके लिए सभी सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल आदि गतिविधियों की रिपोर्टिंग मरूधर एप के माध्यम से करवाई जाएगी।
- स्थानीय निकायों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर नालियों में एमएलओ डालना, नालियों, टंकी इत्यादि की साफ-सफाई, फोगिंग, सड़क पर बने गड्डों को भरना एवं लार्वा पाए जाने वाले घरों में नियमानुसार नोटिस-चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
- पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में फोगिंग कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### राज्य सरकार द्वारा गोवंश को दिए जा रहे अनुदान में 10% वृद्धि की घोषणा की गई–

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा विधानसभा में की गई घोषणा के तहत राज्य सरकार द्वारा गोवंश को दिए जा रहे अनुदान में 10% की वृद्धि गई है, जो आगामी अनुदान में बढ़ाकर दी जाएगी

- वर्तमान में बड़े गोवंश के लिए 40 रुपये तथा छोटे गोवंश के लिए 20 रुपये प्रति दिन की दर से दिए जा रहे हैं।
- यह सहायता राशि वर्ष में 270 दिवस के लिए दी जाती है। अंधे एवं अपाहिज गोवंश तथा नंदीशालाओं में संधारित नर गोवंश को यह राशि वर्ष में 12 माह दी जाती है।

### 7 अगस्त, 2024 को हरियालो राजस्थान के तहत राज्य में एक दिन में दो करोड़ पौधे लगाने का कीर्तिमान बनाया गया। उल्लेखनीय है कि एसडीआरएफ मुख्यालय गाडोता में आयोजित 75 वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पीपल का पौधा लगाकार कार्यक्रम की शुरुआत की।

## Newspaper of 9 August, 2024

### सलूंबर से विधायक अमृत लाल मीणा का निधन हुआ–

8 अगस्त, 2024 को आदिवासी नेता और संलूबर से भाजपा के विधायक अमृतलाल मीणा (65) का निधन हो गया। अमृतलाल मीणा तीन बार से विधायक थे।

उल्लेखनीय है कि संलूबर सीट खाली होने के बाद अब राज्य में 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। 5 सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने के कारण खाली हुई थीं।

### गेल इंडिया के साथ 4,200 करोड़ रुपये के एमओयू; एक हजार मेगावाट अक्षय ऊर्जा का उत्पादन होगा–

हाल ही में आरवीयूएन तथा गेल इंडिया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, इस तरह–

- केन्द्र और राज्य सरकार के ऊर्जा के उपक्रमों की मजबूत साझेदारी से राजस्थान जल्द ही ऊर्जा के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों को बिजली उपलब्ध कराने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- आरवीयूएन तथा गेल इंडिया के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस एमओयू के माध्यम से गेल इंडिया धौलपुर में स्थापित 330 मेगावाट और रामगढ़ में स्थापित 270.5 मेगावाट के गैस आधारित बिजली संयंत्रों को कुशल एवं उपयुक्त क्षमता पर संचालन के लिए संयुक्त उद्यम के माध्यम से हस्तांतरित करने की संभावनाओं को तलाशने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में उचित दर पर गैस की सुनिश्चित आपूर्ति करेगा।
- साथ ही अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 750 मेगावाट सौर ऊर्जा और 250 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित हो सकेगी।
- इसके माध्यम से 4200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

## Newspaper of 10 August, 2024

- **प्रदेश में स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन होगा; कैंसर सेवाओं का सुदृढ़ीकरण होगा–**

हाल ही में प्रदेश में कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन किया है।

इस टास्क फोर्स में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट जयपुर के अधीक्षक, टर्शियरी कैंसर केयर सेंटर बीकानेर के अधीक्षक तथा नेशनल प्रोग्राम फॉर नॉन कम्प्यूनिकेबल डिजीज के स्टेट नोडल अधिकारी सदस्य होंगे।

**टास्क फोर्स का कार्य–**यह टास्क फोर्स प्रदेश में कैंसर के निदान, जांच रोकथाम एवं जागरूकता के लिए रणनीति तैयार करेगी। कैंसर संबंधी सेवाओं के विस्तार, केयर पालिसी की समीक्षा और संशोधन के प्रयास करेगी। टास्क फोर्स की शुरू में हर माह बैठक आयोजित होगी तथा बाद में त्रैमासिक बैठक होगी।

**फोर्स के गठन से यह लाभ–**टास्क फोर्स के गठन से कैंसर की रोकथाम एवं उपचार को लेकर विभिन्न विभागों, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं हितधारकों के बीच आपसी समन्वय, रोगियों के पुनर्वास व पोस्ट केयर सुविधा, जनजागरूकता, रिसर्च, क्षमता संवर्धन सहित अन्य पहुलओं पर बेहतर काम हो सकेगा।

## Newspaper of 11 August, 2024

- **10 अगस्त, 2024 को पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह (95) का निधन हो गया। नटवर सिंह भरतपुर लोकसभा सीट से दो बार कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने गए थे। इनकी देश के चुनिंदा कूटनीतिज्ञों में गिनती होती थी। नटवर सिंह के पुत्र जगत सिंह वर्तमान में नदबई विधानसभा से भाजपा विधायक हैं।**

- **रींगस-खाटू श्यामजी नई रेल लाइन को मंजूरी मिली–**

राजस्थान में रेलवे परियोजनाओं के बारे में लोकसभा में जानकारी देते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के तहत पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) और चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से आने वाली कुल 54 परियोजनाओं (23 नई लाइन और 31 दोहरीकरण) के सर्वेक्षण स्वीकृत किये गए हैं, जिनकी कुल लंबाई 4,894 किलोमीटर है। रींगस-खाटू श्यामजी नई रेल लाइन के बारे में रेल मंत्री ने बताया कि मार्च 2024 में 254.06 करोड़ की लागत से रींगस-खाटू श्यामजी (17.49 किमी) नई रेल लाइन के काम को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, डीपीआर तैयार करने के लिए खाटू श्यामजी-सालासरजी-सुजानगढ़ के बीच नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण भी किया गया है।

- **प्रदेश को 500 के अतिरिक्त 175 और इलेक्ट्रिक बसें–**

'पीएम ई-बस सेवा' को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने और आमजन को सुगम-प्रदूषण मुक्त सफर देने के लिए राज्य को पहले आवंटित की गई 500 बसों के अतिरिक्त 175 इलेक्ट्रिक बसों का आवंटन किया गया है।

**इन शहरों को मिली अतिरिक्त बसें–**पहले केन्द्र से 500 इलेक्ट्रिक बसें मिली थी, लेकिन अब 175 अतिरिक्त बसों का और आवंटन किया गया है। अजमेर को 50, जोधपुर को 50, कोटा को 50 और बीकानेर को 25 इलेक्ट्रिक बसों का आवंटन किया गया है।

## Newspaper of 15 August, 2024

- **एडीजी श्री वी के सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक, 14 पुलिस कार्मिकों को पुलिस पदक की घोषणा–**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 78वें स्वाधीनता दिवस-2024 के अवसर पर राजस्थान एटीएस एवं एसओजी के अतिरिक्त

महानिदेशक पुलिस श्री विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चुना गया है। साथ ही, 14 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है।

जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी करप्शन ब्यूरो (द्वितीय) श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हाउसिंग श्रीमती बिनीता ठाकुर को राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा।

## Newspaper of 17 August, 2024

### ■ मीरा महोत्सव टूरिज्म कैलेंडर में शामिल होगा

राज्य की उपमुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार मेड़ता का मीरा महोत्सव शीघ्र ही राज्य कैलेंडर में शामिल होगा। इसके लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मेड़ता सिटी में सवा पांच सौ साल से उपखंड स्तर पर मीरा महोत्सव मनाया जाता रहा है। क्षेत्र वासियों की ओर से मीरा महोत्सव को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल किये जाने की मांग निरंतर हो रही थी।

## Newspaper of 18 August, 2024

### ■ प्रदेश में कंज्यूमर केअर अभियान की शुरुआत हुई; तीन घंटे में शिकायत का निराकरण होगा–

राज्य में 17 अगस्त, 2024 से त्योहारी सीजन में मिठाई के साथ डिब्बे तौलने और माप-तौल में गड़बड़ी को रोकने के लिए कंज्यूमर केअर अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान उपभोक्ता मामले विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वार चलाया जा रहा है।

यह अभियान 17 अगस्त से 27 अगस्त तक पूरे राज्य में चलाया गया। इस अभियान में शिकायत का निराकरण यथासंभव 3 घंटे में किया गया तथा शिकायतों की जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही के कंज्यूमर सेटिस्फेक्शन और केअर पर फोकस रहा। राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060। 9 से रात 9 बजे तक काम करेगी। जिलों में अभियान डीएसओ और लीगल मैट्रोलोजी ऑफिसर मिलकर चलाएंगे। अब उपभोक्ता हेल्पलाइन नोटिस के साथ परिवाद भी दायर करेगी।

## Newspaper of 20 August, 2024

### ■ बालोतरा : 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिली–

5 अगस्त, 2024 से मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शुरू हुए 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिली है। इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों का अहम योगदान रहा है।

- ♦ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि बारिश के मौसम में विशेषकर अगस्त, सितंबर व अक्टूबर माह में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियाँ ज्यादा फैलती हैं। इसलिए मच्छरों और बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान आगामी 31 अगस्त तक चलेगा।
- ♦ इस दौरान टीमें मच्छरों से निजात पाने के उपायों के साथ ही मौसमी बीमारियाँ फैलने से रोकने के लिए आमजन को जागरूक कर रही हैं।
- ♦ विभाग की ओर से जिला मुख्यालय सहित खंड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर सर्वे एवं एंटी लार्वा गतिविधियों कर रही हैं। वहीं, बुखार के मरीजों को चिह्नित करने और आमजन को जागरूक किया जाएगा।

### ■ स्कूलों में धारदार हथियार पर रोक लगाई–

हाल ही में निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान ने आदेश जारी कर राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में किसी भी प्रकार के धारदार हथियार जैसे चाकू, छुरी, धारदार, कैंची या किसी भी नुकीली वस्तु को लाने पर रोक लगाई है। अब विद्यालय में ऐसी किसी भी वस्तु का लाना एवं प्रयोग, सुरक्षा और अनुशासन के नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। राज्य सरकार, इन्हीं मूल्यों के अनुरूप, विद्यालय को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने के लिए भयमुक्त परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ विद्यार्थियों का सर्वागीण विकास हो सके।

## Newspaper of 21 August, 2024

### ■ विनीत सक्सेना टीम इंडिया 'ए' के बल्लेबाजी कोच बने–

हाल ही में राजस्थान के पूर्व रणजी क्रिकेटर विनीत सक्सेना को दलीप ट्रॉफी के लिए टीम 'ए' का बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। इस टीम की कप्तानी स्टार क्रिकेटर शुभमन गिल कर रहे हैं। विनीत इससे पूर्व राजस्थान रणजी टीम के कोच रह चुके हैं। वे 5 सितंबर से 22 सितंबर, 2024 तक अनंतपुर/बेंगलुरु में टीम इंडिया 'ए' से जुड़ेंगे। वे हाल ही में संपन्न हुए अंडर-19 बॉयज हाई परफॉर्मेंस कैंप में भी बल्लेबाजी कोच थे, जो बेंगलुरु में हुआ था। उन्हें एनसीए, बेंगलुरु में आयोजित मेंटरशिप प्रोग्राम के लिए भी एनसीए

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

द्वारा चुना गया था। विनीत सक्सेना ने राजस्थान के लिए 129 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

**Newspaper of 22 August, 2024**

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 12,554 नए आवासों को स्वीकृति मिली; पक्का आवास निर्माण के लिए 1.75 लाख रुपये का अनुदान।**

21 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति और अमृत 2.0 योजना को लेकर 8वीं स्टेट हाई पावर्ड स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की 74 शहरों की नगरीय निकायों के प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 12,554 नए आवासों की स्वीकृति दी गई।

- इसमें लाभार्थी को स्वयं का पक्का आवास निर्माण के लिए 1.75 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।
- इस योजना के तहत केन्द्र सरकार की ओर से 25 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाती है।
- इसी तरह इन नए आवासों के लिए कुल 219.69 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- राज्य सरकार की ओर से अनुमोदित किए गए इन 12,554 आवासों को अंतिम स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा। जहाँ भारत सरकार की सीएसएमसी बैठक में इन आवासों को अंतिम स्वीकृति मिलेगी।

**Newspaper of 23 August, 2024**

■ **राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू; सड़क हादसे में गंभीर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने पर मिलेगी 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि।**

हाल ही में राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना लागू कर दी गई है। योजना का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।

- इसके तहत प्रदेश में घटित सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान (अस्पताल/ट्रोमा सेंटर आदि) पहुँचाने वाले भले व्यक्ति को राज्य सरकार 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देगी।
- इसके लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित इस योजना के लिए बजट परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा।
- घायल व्यक्ति को निकटतम राजकीय अथवा निजी अस्पताल में पहुँचाने वाले भले व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उसकी इच्छानुसार तत्काल अस्पताल से जाने की अनुमति होगी।
- यदि घायल व्यक्ति गंभीर श्रेणी का है तो उसकी मदद करने वाले भले व्यक्ति को 10 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं, एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि सभी को सम्मान रूप से विभाजित की जाएगी।

■ **अटल भूजल योजना–राजस्थान सातवें से अब तीसरे स्थान पर–**

हाल ही में राज्य सरकार की भूजल को लेकर नवीन नीतियों और कार्यों के कारण अटल भूजल योजना में राजस्थान सातवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है। 25 दिसंबर, 2019 को प्रारंभ की गई यह योजना वर्तमान में प्रदेश के 17 जिलों में संचालित है। अटल भूजल योजना का मुख्य उद्देश्य ही सामुदायिक सहभागिता से चिह्नित क्षेत्रों में गिरते भूजल स्तर की रोकथाम के लिए आमजन में जल के प्रति व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। योजना के तहत मार्च 2025 तक सभी कार्य पूर्ण करने हैं। इस योजना को पूरे देश में तीसरे स्थान से प्रथम स्थान पर लाना है।

**Newspaper of 25 August, 2024**

■ **राजस्थान में 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी जल्द आएगी–**

राजस्थान में जल्दी ही 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी लाई जाएगी। 21 अगस्त, 2024 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किए गए पॉलिसी के प्रारूप पर सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा कर सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर नीति को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

■ **स्टेट मेडिकल वैल्यू ट्रेवल कमेटी का गठन किया गया–**

हाल ही में राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में मेडिकल वैल्यू, ट्रैवल कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी मेडिकल ट्यूरिज्म से संबंधित नीति निर्धारण के साथ ही उसका प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करेंगी।

**Newspaper of 26 August, 2024**

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान हाईकोर्ट स्थापना प्लेटिनम जुबली वर्ष समापन समारोह को संबोधित किया–**

25 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान हाईकोर्ट स्थापना प्लेटिनम जुबली वर्ष समापन समारोह को संबोधित किया।

**ई-सर्विस : पहला राज्य बना राजस्थान–**प्रधानमंत्री नरेन्द्र

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

मोदी ने हाईकोर्ट परिसर स्थित म्यूजियम का उद्घाटन किया और ई समन-वारंट के लिए ई-सेवा त्वरित ऐप लॉन्च किया। ऐसा ऐप शुरू करने वाला राजस्थान हाईकोर्ट देश का पहला कोर्ट बन गया है। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली वर्ष पर जारी टिकट का विमोचन करते हुए पीएम को भेंट किया। मोदी ने स्मारिका का विमोचन किया।

■ **राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन को प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार मिला–**

राज्य में ई-औषधि सॉफ्टवेयर के माध्यम से नि:शुल्क दवा योजना का बेहतर संचालन करने के लिए राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन को प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। एक्सप्रेस कम्प्यूटर-इंडियन एक्सप्रेस समूह द्वारा लखनऊ में एंटरप्राइज एप्लीकेशन श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## Newspaper of 27 August, 2024

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 'श्रीकृष्ण गमन पथ' बनाने की घोषणा की; मथुरा से भरतपुर, कोटा, झालावाड़ होते हुए उज्जैन तक बनेगा; राजस्थान व मध्य प्रदेश मिल कर बनाएंगे–**

26 अगस्त, 2024 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'श्रीकृष्ण गमन पथ' बनाने की घोषणा की। मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार दोनों मिलकर इस पथ को बनाएंगी। भगवान कृष्ण मथुरा से उज्जैन के सांदीपानि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने जिन-जिन स्थानों से होकर आए थे। ऐसे पौराणिक स्थलों को भी दोनों सरकारें विकसित करेंगी। भगवान कृष्ण भरतपुर, कोटा, झालावाड़ से होकर उज्जैन पहुँचे थे।

'श्री कृष्ण गमन पथ' के निम्न सात मंदिरों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा–

**डीग** – गोकुल चन्द्रमाजी, कामां, मदन मोहनजी, कामां।
**भरतपुर**–बिहारी जी
**करौली**–मदन मोहन जी
**बूँदी**–चार भुजाजी
**कोटा**–मथुराधीश
**झालावाड़**–द्वारिकाधीशजी

## Newspaper of 28 August, 2024

■ **अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क की बाघिन 'महक' 20 साल की हुई बाघिन 'मछली' से भी ज्यादा उम्र वाली–**

28 अगस्त, 2024 को अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क की बाघिन 'महक' 20 साल की हो गई है। 'महक' की उम्र अब 'मछली' बाघिन से भी अधिक हो गई। कभी रणथंभौर की रानी रही बाघिन 'मछली' का जन्म साल 1997 में हुआ था। 18 अगस्त, 2016 को उसकी मौत हो गई थी। 'मछली' को सबसे अधिक जीवित रहने वाली बाघिन बताया जाता रहा है। वह खुले जंगल में विचरण करती थी। जंगल में बाघों की औसत आयु 14 साल मानते हैं। जबकि, 'महक' चिड़ियाघर में रहती है। जहाँ बाघों की औसत आयु 16 साल है। इस तरह, महक बाघिन की उम्र औसत से 4 साल अधिक हो गई है। इसका जन्म 28 अगस्त, 2004 को जयपुर में हुआ था। 'महक' को फरवरी 2012 में जयपुर के नाहरगढ़ चिड़ियाघर से कोटा लाए थे।

## Newspaper of 29 August, 2024

■ **राजस्थान कैबिनेट की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए– केन्द्रीय कार्मिकों की तर्ज पर 10 वर्षों तब बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ**

- कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अब आश्रित को केन्द्रीय कार्मिकों की तरह ही 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ मिल सकेगा।
- इन प्रावधानों के लिए राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 के नियम 55 एवं 62 में संशोधन की अधिसूचना 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगी।
- एक अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजस्थान जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय स्थापना नियम 1986 के नियम 14 ए एवं 20 के उपनियम 4 और राजस्थान अधीनस्थ न्यायालय (चालक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) सेवा नियम, 2017 के नियम 18 के उपनियम 4 एवं नियम 30 में संशोधन का अनुमोदन किया गया है।
- इन संशोधनों से न्यायालयों के उन लिपिकवर्गीय कार्मिकों, चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को राहत मिलेगी, जो दो से अधिक संतान होने के कारण पदोन्नति से वंचित हो गए थे।

**7896 करोड़ रुपये की लागत से 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के कार्य होंगे–**मंत्रिमण्डल की बैठक में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत कृषि फीडर्स के 11 केवी फीडर पृथक्करण (सेग्रेगेशन) की क्रियान्विति को मंजूरी प्रदान की गई।

- इस योजना में लगभग 7896 करोड़ रुपये से 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के 7522 कार्य करवाए जाएंगे।
- इसके लिए आरईसी लिमिटेड की ओर से स्वीकृति एक अप्रैल, 2024 को प्राप्त हो चुकी है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- जिन 33/11 केवी सबस्टेशन पर 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन किया जाएगा, वहाँ नए सोलर पावर प्लांट लगाने, मीटरिंग, बिलिंग और राजस्व संग्रहण के कार्य को भी फीडर सेग्रेगेशन में ही जोड़ा गया है।
- यह कार्य हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर किया जाएगा, जिससे नए स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों का स्थानीय स्तर पर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा और कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली दी जा सकेगी।
- फीडर सेग्रेगेशन से भविष्य में ट्रांसमिशन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण पर होने वाले खर्च में कमी आएगी और तकनीकी वितरण छीजत में भी कमी होगी।

**तीन हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन का अनुमोदन**

- प्रदेश में 3000 मेगावाट की 4 सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान भू-राजस्व (अक्षय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित ऊर्जा उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु भूमि आवंटन) नियम, 2007 के प्रावधानों एवं शर्तों के तहत भूमि आवंटन की स्वीकृतियाँ प्रदान की गई।
- बीकानेर की पूगल तहसील के ग्राम बरजू में 50.42 हैक्टेयर भूमि 765/400/200 केवी सबस्टेशन की स्थापना के लिए बीकानेर-3 नीमराना ट्रांसमिशन लिमिटेड को आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

**राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 में संशोधन–**उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बताया कि राज्य कार्मिकों के हित में उनकी ग्रेच्युटी एवं डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाते हुए 25 लाख करने को मंजूरी दी गई है। अब पुरुष एवं महिला कार्मिकों को सीजीएचएस की तर्ज पर अब आरजीएचएस में भी चिकित्सा सुविधा के लिए माता-पिता या अपने सास-ससुर में से किसी एक को सम्मिलित करने का विकल्प मिलेगा, बशर्ते माता-पिता या सास-ससुर आश्रित होने के साथ पुरुष अथवा महिला कार्मिक के साथ निवास करते हों। इस संबंध में राज्य बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा की क्रियान्विति करते हुए राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 के नियम 3(9) में संसोधन किया जाएगा।

**नाथद्वारा-देवगढ़-मदारिया रेल लाइन आमान परिवर्तन के लिए भूमि आवंटन–**संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रदेश के रेल परिवहन तंत्र को मजबूत करने तथा मार्बल, ग्रेनाइट और माइनिंग जैसे उद्योगों को विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ मिलकर श्रीनाथद्वारा को मेवाड़ और मारवाड़ से जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए राजसमंद जिले के राजसमंद, देवगढ़, नाथद्वारा एवं आमेट उपखंडों की कुल 42.1576 हेक्टेयर भूमि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 के तहत नाथद्वारा-देवगढ़-मदारिया आमान परिवर्तन परियोजना के लिए रेलवे मंत्रालय को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए एमएसएमई मंत्रालय को भूमि आवंटित होगी–**टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना के लिए केन्द्रीय एमएसएमई मंत्रालय को जयपुर में जेडीए की दहमीकलां संस्थानिक योजना में 12 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे युवाओं को एमएसएमई सेक्टर से जुड़ी उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा और उनमें कौशल एवं दक्षता का विकास होगा।

## ■ गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना : ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल शुरू हुआ; प्रदेश के 5 लाख पशुपालकों को एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा–

राज्य में किसानों और पशुपालकों की समृद्धि और कल्याण के लिए 'राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना' शुरू की गई है।

- 28 अगस्त, 2024 को सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने नेहरू सहकार भवन में 'राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना' पोर्टल की शुरुआत की।
- इसमें राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गोपालक किसान परिवार को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- यह ऋण एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा।
- किसान द्वारा ऋण का समय पर चुकारा करने पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना होगा।
- गोपालक किसान परिवारों को गाय, भैंस के लिए शैड खेली निर्माण एवं चारा-बांटा सहित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए पैसों की कमी रहती थी, जिससे वह गोपालन से मिल सकने वाला पूरा लाभ नहीं ले पाता था।
- इसी को ध्यान में रखते हुए गोपालक किसान को ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- ऋण वितरण को पारदर्शी बनाने तथा गोपालक किसान परिवार को ऋण प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए आवेदन से लेकर स्वीकृति की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से संपादित किया जाएगा।
- इस योजना का लाभ लेने के लिए गोपालक किसान को प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का सदस्य होना अनिवार्य है।
- ई-मित्र और संबंधित ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राज्य सरकार द्वारा 8 लाख गोपालक किसानों को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

- **टोल नीति में महत्त्वपूर्ण सुधार मंजूर किए–**

उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने आरएसआरडीसी बैठक में आमजन को राहत देने के लिए प्रदेश के सभी टोल बूथों पर फास्टैग की सुविधा लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में टोल नीति में सुधार के महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी भी दी गई।

वर्तमान में लागू संवेदक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समाप्त की गई है। इससे अधिक संख्या में संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। टोल की कॉन्ट्रेक्ट की अवधि 2 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष कर दी गई है। इसे अधिकतम 3 माह बढ़ाया जा सकेगा।

## Newspaper of 30 August, 2024

- **राज्य में 8 नए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे चरणबद्ध रूप से बनाने के लिए ढाई हजार किमी एक्सप्रेस-वे की डीपीआर मंजूर की गई, एक वर्ष में तैयार होगी–**

हाल में बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश में बनने वाले ढाई हजार किलोमीटर एक्सप्रेस-वे की डीपीआर बनाने के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। करीब तीस करोड़ की लागत से इन एक्सप्रेस-वे की डीपीआर तैयार होगी। इसके बाद सरकार इनके निर्माण को लेकर काम शुरू करेगी।

प्रदेश में 8 नए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे चरणबद्ध रूप से बनाए जाने हैं। इनसे तेज और सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होने से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और औद्योगिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

**प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे–**

| एक्सप्रेस-वे | लम्बाई |
|---|---|
| कोटपूतली-किशनगढ़ | 181 |
| जयपुर-भीलवाड़ा | 193 |
| बीकानेर-कोटपूतली | 295 |
| ब्यावर-भरतपुर | 342 |
| जालोर-झालावाड़ | 402 |
| **एक्सप्रेस-वे** | **लम्बाई** |
| अजमेर-बांसवाड़ा | 358 |
| जयपुर-फलौदी | 345 |
| श्रीगंगानगर-कोटपूतली | 290 |

*लम्बाई किलोमीटर में

**जयपुर-जोधपुर-पचपदरा एक्सप्रेस-वे की डीपीआर एनएचएआई बनाएगी :** प्रस्तावित आठ एक्सप्रेस-वे की डीपीआर राज्य सरकार बनवाएगी। वहीं, 9वें एक्सप्रेस-वे (जयपुर-जोधपुर-पचपदरा) की डीपीआर का जिम्मा एनएचएआई को दिया गया है। यह एक्सप्रेस-वे चार लेन का होगा और करीब साढ़े तीन सौ किमी इसकी लम्बाई होगी। इस एक्सप्रेस-वे के माध्यम से दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे को जोड़ने की योजना है।

## Newspaper of 31 August, 2024

- **पंवार कमेटी ने नए जिलों और संभागों के गठन की रिपोर्ट सौंपी–**

30 अगस्त, 2024 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी ललित के. पंवार ने 17 नए जिले और 3 नए संभागों के गठन की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रमुख राजस्व सचिव दिनेश कुमार को सौंप दी।

पिछले साल अशोक गहलोत सरकार ने प्रदेश में जिलों की संख्या 33 से बढ़ाकर 50 और संभाग 7 से बढ़ाकर 10 कर दी थी। इनका गठन भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी रामलुभाया की सिफारिश पर किया गया था। वर्तमान सरकार ने इन जिलों व संभागों की समीक्षा के लिए उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के नेतृत्व में मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है। इस उपसमिति के सहयोग के लिए एक जुलाई को पंवार के नेतृत्व में उच्च स्तरीय विशेषज्ञ कमेटी बनाई गई थी।

**इन पहलुओं पर किया विचार–**पंवार कमेटी ने नए जिलों व संभागों के क्षेत्राधिकार, संचालन, प्रशासनिक आवश्यकता एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता से जुड़े पहलुओं पर विचार किया है।

**इन नए जिलों का आकार छोटा–**दुदु, खैरथल-तिजारा,केकड़ी, सलूम्बर, सांचौर, शाहपुरा जिला।

**जयपुर-जोधपुर के विभाजन पर सवाल–**जयपुर और जोधपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को अलग-अलग जिलों में बांटने को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया था।

**ये नहीं बन पाए जिले–**मालपुरा, सुजानगढ़ व कुचामनसिटी को 6 अक्टूबर, 2023 को जिला बनाने की घोषणा की गई। इसके बाद 7 अक्टूबर को सर्कुलर के माध्यम से इनके गठन को केबिनेट ने मंजूरी दे दी, लेकिन इनके जिला बनाने की अधिसूचना जारी नहीं हो पाई। इस कारण ये जिले नहीं बन पाए।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## CET परीक्षा में निश्चित सफलता हेतु उपलब्ध प्रमुख पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com